तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 23 जून 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

13 चिल्हर बाजार में हरी सब्जियों के दाम में इजाफा



14 काढ़ा के लिए जगन्नाथ मंदिर में लगा भक्तों का तांता




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवको के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नातकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कागी हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की




संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) छात्र-छात्राओं संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक - गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)** Advt.


## खबर संक्षेप

### एथलेटिक्स चयन प्रतियोगिता 24 को

**धमतरी।** राज्यस्तरीय एथलेटिक्स खेल प्रतियोगिता 28 से 29 जून तक रायपुर विवेकानंद कोटा स्टेडियम में आयोजित होगी। इसमें हिस्सा लेने जिलास्तरीय चयन ट्रायल 24 जून मंगलवार को बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में होगी। उम्र वेरिफिकेशन हेतु आधार कार्ड के साथ 100 रूपए पंजीयन शुल्क जमा करना होगा। खिलाड़ियों को सुबह 6 बजे आना होगा। यह जानकारी अध्यक्ष रितिका यादव, कोच टिक्की निर्मलकर ने दी।

### सेजेस कंडेल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ



**धमतरी।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेलमें सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रारंभ है। प्राचार्य राहुल नेताम ने बताया कि इच्छुक पालक अंग्रेजी माध्यम में कक्षा 1 से 10 एवं हिंदी माध्यम में कक्षा 9 से 12 सभी संकाय में अपने बच्चों को प्रवेश दिला सकते हैं। प्रवेश की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित है।

### नीलिमा का प्रयास विद्यालय में चयन

**अंवरी।** महाश्वेता शिशु मंदिर सुपेला में अध्ययनरत कक्षा 8वीं की छात्रा नीलिमा पिता गौकरण



बघेल का प्रयास आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। कक्षा 8वीं की केंद्रीयकृत परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संकुल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नीलिमा शुरुआत से ही एक होनहार विद्यार्थी है। उसकी इस उपलब्धि पर प्रधानपाठक हितेंद्र साहू, संकुल समन्वयक पंचराम ध्रुव, शिक्षक राजेश दुबे, झानेंद्रकर, तेजनाथ निर्मलकर, दिग्विजय साहू, नेतराम, रुमेंद्र साहू, चुरामन साहू, संतोष यदु, लोकेश्वर ठाकुर, खिलावन सेन, सुरेश निषाद, यशवंत धनकर, तामेश्वर सोनकर, सुनील साहू, आमदेव ध्रुव, पुनाराम निषाद, लक्ष्मीनारायण देवांगन ने हर्ष व्यक्त किया है।

पाठ्य पुस्तकों के वितरण का रहेगा रिकार्ड

# अब रद्दी में नहीं बिकेंगी मुफ्त की किताबें

## टीबीसी मॉनिटरिंग सिस्टम से की जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


अब सरकारी किताबें रद्दी में नहीं मिलेंगी। शासन ने नया एप लांच किया है, जिसमें हर किताब की एंट्री रहेगी। स्कूलों को आवंटित होते ही शिक्षक इसमें अंकित क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे। उसके बाद पुस्तक का वितरण होगा। क्यूआर कोड के स्कैनिंग के चलते ही पुस्तक वितरण में लेट लतीफी हो रही है।

केवल धमतरी में ही नहीं, पूरे प्रदेश में हर साल सरकारी किताबों को लेकर शिकायत आती है। बड़ी मात्रा में इन किताबों को कबाड़ या रद्दी में बेच दिया जाता है या पड़े पड़े ये किताबें सड़ जाती थी। सरकार इन किताबों को छापने में लाखों रुपये खर्च करती है, ताकि छात्र अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सके लेकिन इन किताबों के वितरण नहीं होने से छात्रों को लाभ नहीं मिलता, उपर से शासन को काफी नुकसान भी होता है। स्थिति को देखते हुए शासन ने अब किताबों के वितरण के लिए मॉनिटरिंग सिस्टम लागू कर दिया है। इसके तहत हर किताब पर एक यूनिक क्यूआर कोड छापा गया है। इसके साथ ही टीबीसी सीजी एप लांच किया गया है। इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर शिक्षक पंजीयन करेंगे। इसमें स्कूल का नाम, जिला, संकुल आदि की एंट्री होगी। इसके बाद ऐप के माध्यम से ही शिक्षक हर किताब के क्यूआर कोड को स्कैन करेंगे। इससे पाठ्य पुस्तक निगम के पास एंट्री पहुंच जाएगी कि कितनी किताबों का वितरण हुआ है, कितनी किताबें बची हैं।



### बिना तैयारी के बदलाव, इसलिए वितरण में विलंब

हर साल स्कूल खुलने से पहले की किताबें स्कूल तक पहुंच जाती थीं। शाला प्रवेशोत्सव में ही छात्रों को किताबों का वितरण कर दिया जाता था लेकिन इस साल तो स्कूल खुलने के बाद भी किताबों का वितरण कम्पलीट नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार पाठ्यपुस्तक निगम ने बिना तैयारी के वितरण प्रक्रिया में बदलाव किया है। मॉनिटरिंग सिस्टम लांच होने, शिक्षकों को क्यूआर कोड स्कैन करने के बाद ही किताबों का वितरण किया जाना है। उधर सर्वर डाउन होने के कारण स्कैनिंग में विलंब हो रहा है। इसके चलते किताबों का वितरण भी प्रभावित है।



### नगरी, मगरलोड के लिए नहीं पहुंची किताबें

जिले में अब तक 2 लाख 9 हजार 588 किताबें आई हैं। इसमें से 44 हजार 771 प्राइमरी और मिडिल स्टैंडर्ड की हैं। बाकी 1 लाख 18 हजार 98 हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर की है। ये किताबें धमतरी और कुरूद ब्लाक के लिए आई हैं। नगरी और मगरलोड ब्लाक के लिए किताबें आई ही नहीं हैं। डिपो से सीधे संकुल और स्कूलों में किताबों का आवंटन किया जा रहा है। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाई और हायर सेकेंडरी के लिए आई 80 प्रतिशत किताबों का वितरण किया जा चुका है। निजी विद्यालयों के लिए किताबों की डिमांड भेजी गई है लेकिन अब तक किताबें नहीं पहुंची हैं।

# उत्तर सिंगपुर के जंगल में सिंगल दंतैल की आमद



- केंवराडीह में हाथी के पदचिन्ह दिखे, दर्जनभर गांवों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

उत्तर सिंगपुर के जंगल में सिकासेर दल के एक हाथी के आमद की खबर है। ग्राम केंवराडीह में हाथी के पदचिन्ह दिखने के बाद आसपास के दर्जनभर गांवों को अलर्ट किया गया है।

उत्तर सिंगपुर हाथी निगरानी दल के दल सहायक रोहित तिवारी ने बताया कि सहायक परिक्षेत्र पहंदा के परिसर केंवराडीह में शनिवार की शाम एक हाथी के पदचिन्ह दिखाई देने की खबर एक किसान ने वन विभाग को दी। मौके पर हाथी के पदचिन्ह देखकर लगता है कि यह बच्चा और जवान हाथी के बीच का है। वर्तमान लोकेशन केंवराडीह के कक्ष क्रमांक 58 में है। हाथी ने किसानों की थरहा फसल को नुकसान पहुंचाया है। उन्होंने बताया कि जंगल में पानी की कमी होने से इस हाथी के बेलोरा जलाशय या जामली तालाब की ओर जाने की संभावना है। हाथी की आमद को लेकर हाथी निगरानी दल ने आसपास के दर्जनभर गांव में मुनादी कराकर लोगों को अलर्ट किया है। बोदलबाहरा, कुसुमखुंटा, जामली, मोहंदी, बेलोरा, सोनपैरी, पेंड्रा, बिरझुली, आलेखुंटा, मूलगांव, बनियातोरा, मगरलोड, मड़ेली, बकोरी आदि गांवों में रात में जंगल रास्ते पर सफर नहीं करने, जंगल नहीं जाने, एक दूसरे को सचेत करने, हाथी दिखने पर वन अधिकारी कर्मचारियों को सूचना देने का एनाउसमेंट किया गया है।

# बस स्टैंड की जर्जर दुकानों का होगा कायाकल्प : रामू रोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

22 जून के अंक में हरिभूमि ने 'बस स्टैंड के व्यापारी जर्जर भवन, राखड़, धूल, मिट्टी से परेशान, बारिश में सांप का भय' नाम से समाचार प्रकाशित



किया था, जिसे संज्ञान में लेकर महापौर रामू रोहरा ने दूसरे दिन 22 जून रविवार को सुबह 8 बजे बस स्टैंड का निरीक्षण किया। महापौर ने व्यापारियों से मिलकर समस्याएं जानी। व्यापारी बालमुकुंद साहू, सातम सिंह, लक्ष्मण साहू, भागवत साहू ने महापौर को बताया कि 40 साल पुरानी दुकानें मरम्मत के अभाव में जर्जर हो गई हैं। दीवारें कमजोर हो गई हैं। छतों से बारिश में पानी टपकता है। नमी के कारण दुकानों में सांप, बिच्छू, कीड़े, मकोड़े, घुस जाते हैं। चूहों ने अपना बसेरा बना लिया है। नालियों का पानी दुकानों में घुसता है।

- महापौर ने किया बस स्टैंड का निरीक्षण



दुकान अतिक्रमण की चपेट में है। जर्जर मकान कभी भी भर-भराकर गिर सकता है। इससे जनधन की हानि हो सकती है। दुकानदार राखड़, धूल, मिट्टी, कचरा से परेशान हैं। निवेदन के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती। मजबूरी में व्यवसाय चलाना पड़ता है। उन्होंने महापौर से आग्रह किया है कि अन्य दुकानों की भांति शेष 15-20 दुकानों को नया बनाया जाए या फिर दुकानदारों को भवन बनाने की अनुमति दी जाए। व्यापारियों ने महापौर को यह भी बताया कि राइस मिलों के राखड़ से यात्री, दुकानदार, बस संचालक, स्टाफ सब परेशान हैं। दिनभर में 2 से 3 सेंटीमीटर तक राखड़ बस स्टैंड में जाम हो जाता है। कपड़े, सामान, खराब होते हैं। शरीर में राखड़ की वजह से खुजली होती है। आंखों में जाने से सीधे डॉक्टरों के पास जाना पड़ता है। नालियों से व्यापारी परेशान हैं। ओव्हरफ्लो का पानी दुकानों में घुसता है। बारिश में बस स्टैंड परिसर में पानी भरता है। पार्किंग के अभाव में दोपहिया, चारपहिया, साइकिल और यात्रीगण दुकानों के सामने खड़े रहते हैं।

व्यापारियों की बात सुनकर महापौर ने दुकानों का निरीक्षण कर त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। उनहोंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि निगम पुरानी दुकानों को तोड़कर नई दुकान बनाएगी। महापौर ने अन्य समस्याओं का निराकरण जल्द करने का आश्वासन दिया।

# गिट्टी के बाद रेत के दाम आसमान पर

- तीन गुना ज्यादा दाम से भवन निर्माताओं के होश उड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गिट्टी के बाद अब रेत की किल्लत ने भवन निर्माताओं की नींद उड़ा दी है। दोनों सामग्री की कीमत आसमान छू रही है। रेत तो तीन गुना ज्यादा दाम में उपलब्ध हो रही है। वहीं गिट्टी के दाम डेढ़ गुना हो गए हैं। ऐसे में भवन निर्माताओं का बजट बिगड़ गया है। उधर पीएम आवास योजना के तहत भवन निर्माण जल्द करने के लिए दबाव है, जिसके चलते चाहकर भी भवन निर्माता काम को रोक नहीं पा रहे हैं।

गिट्टी के बाद अब रेत के दाम आसमान छू रहे हैं। इनके दाम ऐसे बढ़े हैं कि भवन निर्माण का बजट डेढ़ गुना से ज्यादा बढ़ गया है। सबसे ज्यादा परेशानी रेत को लेकर हो रही है। महानदी के किनारे बसे होने के बाद भी धमतरीवासियों को काफी महंगे में रेत लेनी पड़ रही है। खदानों पर प्रतिबंध और ट्रैक्टर संचालकों की हड़ताल से शहर व आसपास के गांवों में रेत की सप्लाई लगभग पूरी तरह से बाधित है। मजबूरी में भवन निर्माता हाइवा से रेत मंगा रहे हैं, जो काफी महंगा पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार रेत के डंपिंग पाइंट से प्रति हाइवा 8000 रुपए में रेत लोड की जा रही है। रायल्टी के लिए 3 हजार रुपए अतिरिक्त लिया जा रहा है। इसमें हाइवा का भाड़ा जोड़कर भवन निर्माताओं को शहर में 15000 रुपए में 500 फीट रेत बेची जा रही है। गांवों में दाम तो और महंगा है। उल्लेखनीय है कि ट्रैक्टरों से इतनी ही मात्रा में रेत पहले 5000 रुपए में मिल जाती थी। ट्रैक्टर बंद होने से तीन गुना ज्यादा दाम में रेत लेनी पड़ रही है। ऊपर से हाइवा गली कूचों में घुस नहीं पाता है। इसके चलते भी भवन निर्माता परेशान हो रहे हैं। यही नहीं किल्लत के चलते रेत की सप्लाई समय पर नहीं हो रही है। ऐसे में इसके दाम और बढ़ने के आसार हैं।



### गिट्टी भी महंगी

एक माह से गिट्टी के दाम उछाल पर हैं। इसमें करीब 10 रुपए प्रति वर्ग फीट की बढ़ोतरी हुई है। जानकारी के अनुसार माह दो माह पहले सेलूद की गिट्टी 22-23 रुपए प्रति वर्ग फीट में मिल जाती थी। अब यह 32 रुपए प्रति वर्ग फीट में बिक रही है। मंदिर हसौद की गिट्टी तो 35 रुपए प्रति वर्ग फीट में भी नहीं मिल रही है। गिट्टी की किल्लत इतनी ज्यादा है कि लोग रुपए लेकर खड़े हैं, लेकिन उन्हें गिट्टी नहीं मिल रही है। कई लोगों ने घर तुड़वाकर नया निर्माण चालू किया है। समय पर मटेरियल नहीं मिलने से उन्हें टूटे फूटे घर में गुजारा करना पड़ रह है।

### चिल्हर काम अटका

हाइवा में ट्रैक्टर से पांच गुना ज्यादा रेत और गिट्टी आती है, जो लोग बड़े निर्माण करवा रहे हैं, वे तो हाइवा से मटेरियल मंगाकर काम चला लेंगे, लेकिन मकान मरम्मत, शौचालय सहित अन्य छोटे छोटे काम करवाने वालों की परेशानी काफी बढ़ गई है। ट्रैक्टर से सप्लाई बंद होने के कारण उन्हें कम मात्रा में मटेरियल नहीं मिल रहा है। ऐसे में उनके पास काम रोकने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। उधर बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में मरम्मत रूकने से लोगों को परेशानी हो रही है

### मजदूरों की भी समस्या

जिले में 20 हजार से ज्यादा पीएम आवास बन रहे हैं। उधर खेती किसानी का काम भी शुरू हो गया है। ऐसे में पूरे जिले में मजदूरों का गंभीर संकट है। चैतराम ध्रुव, तेजराम साहू ने बताया कि पीएम आवास की स्वीकृति मिलने के बाद उन्होंने मकान तोड़कर नए सिरे से पक्का मकान बनाने की शुरूआत की है। अब न तो राजमिस्त्री मिल रहे हैं और न ही रेजा और मजदूर। मजदूरी दर भी बढ़ी हुई है। ऐसे में उन्हें टूटे मकान में ही गुजारा करना पड़ रहा है।

परियोजना के बांधों को बारिश के पानी का इंतजार

# खुशनुमा मौसम में गंगरेल पर्यटन हुआ गुलजार





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रविवार को खुशनुमा माहौल में गंगरेल का मिनी गोवा गुलजार रहा। यहां बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटकों ने वाटर स्पोर्ट्स का लुत्फ उठाया और गंगरेल पर्यटन की सैर की। उड़ीसा, रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों के सैलानी बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट में नाइट स्टे किया। इधर महानदी परियोजना के बांधों को वर्षा का इंतजार है। परियोजना का माड़मसिल्ली बांध सूख चुका है, वहीं तीनों बांध में 11 टीएमसी उपयोग पानी मौजूद है।

रविवार को अंचल में दिनभर बादल छाये रहे, हल्की बूंदाबांदी और ठंडी हवाओं के चलने से मौसम खुशगवार हो गया। ऐसे में गंगरेल पर्यटन के लिए सैलानी खिंचे चले आए। रायपुर जिले से गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंचे ढीढी परिवार के राजकुमार, सुनीता ने बताया कि रविवार अवकाश पर सपरिवार गंगरेल पहुंचे है। मां अंगारमोती माता के दर्शन पश्चात यहां के पर्यटन पैकेजों का लुत्फ उठाया। उन्होंने बताया कि मिनीगोवा का वाटर स्पोर्ट्स रोमांचक और यादगार रहा। उनका कहना है कि गंगरेल बांध स्थित टापू को विकसित कर नाइट स्टे की व्यवस्था होने पर देशभर के पर्यटक गंगरेल के लिए आकर्षित होंगे।

बरदिहा लेकव्यू रिसोर्ट के मैनेजर श्रीराय ने बताया कि रिसोर्ट में मानसून आफर चल रहा है। उड़ीसा से पहुंचे चार परिवार ने नाइट स्टे किया है। रायगढ़, रायपुर सहित अन्य जिलों से भी आए सैलानियों ने वुडन काटेज और पालीटेंट हाउस में ठहरकर गंगरेल पर्यटन का आनंद लिया।

### परियोजना के बांधों में क्षमता का 22 फीसदी पानी

महानदी परियोजना के अंतर्गत चार बांध हैं। चारों बांध में ग्रास कैपेसिटी के तहत 55.176 टीएमसी पानी जमा होता है। वहीं उपयोगी पानी 49.171 टीएमसी रहता है। वर्तमान में माड़मसिल्ली बांध सूख चुका है, जबकि गंगरेल, दुधावा तथा सोंदूर में 11.185 टीएमसी उपयोगी पानी है। गंगरेल बांध में उपयोगी पानी 8.111 टीएमसी, दुधावा बांध में 1.913 टीएमसी तथा सोंदूर बांध में 1.161 टीएमसी पानी शेष है। सभी बांधों में जलभराव क्षमता के मुताबिक 22 फीसदी पानी है। सभी बांधों को बारिश का इंतजार है।

# शराब बेचने जा रहे दो आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** बेचने के लिए बड़ी मात्रा में शराब लेकर जा रहे दो कोचियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से साढ़े 6 हजार रुपए की शराब और 50 हजार रुपए की एक बाइक बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर धमतरी पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। थाना अर्जुनी पुलिस ने शराब की तस्करी रोकने के लिए मुखबिरों का जाल भी फैला रखा है। पुलिस की यह सतर्कता काम आई। अर्जुनी थाना को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि दो व्यक्ति हरफतराई मुख्य नहर मार्ग की ओर से टीव्हीएस रेडियन मोटरसाइकिल में अवैध रूप से शराब ले जा रहे हैं। सूचना के आधार पर तत्काल घेराबंदी कर पुलिस ने संदिग्ध युवकों को रोका। इसमें एक युवक का नाम टिकेश्वर साहू और दूसरे का नाम कृत राम उर्फ प्रीत यादव है। तलाशी के दौरान इनके पास से 70 पौवा प्लेन देशी शराब क़ीमत 5600 रुपए और 10 पौवा मसाला देशी शराब क़ीमत 1000 रुपए बरामद हुआ। जिस बाइक से वे शराब ले जा रहे थे, उसकी कीमत 50000 रुपए आंकी गई है।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

# फरसियां स्कूल में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा का अनावरण

- स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित हो नई पीढ़ी गढ़ेगा सशक्त भारत : प्रकाश
- शिक्षा ही गांवों के विकास की असली चाबी : अरुण सार्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी






उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरसियां में स्वामी विवेकानंद की भव्य प्रतिमा का अनावरण हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे बच्चों का तिलक लगाकर व पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा संकल्प से सिद्धि जन-जागरण कार्यक्रम शक्ति केंद्र फरसियां में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो। आज उनके विचारों को आत्मसात कर मोदी सरकार हर क्षेत्र में देश को नई दिशा और गति दे रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी सुविधा, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल क्रांति जैसे क्षेत्रों में भारत अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा ने कहा कि गांवों का सशक्तिकरण बिना शिक्षा के संभव नहीं है। स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा से आज हमें यह समझने की ज़रूरत है कि शिक्षित समाज ही उन्नत समाज होता है। विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य श्रीमती शशि ध्रुव, सरपंच केशव टेकाम, उपसरपंच त्रिलोक साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी अरुण कुमार प्रजापति, फरसियां बूथ अध्यक्ष पुनेश्वर साहू, निराबेड़ा बूथ अध्यक्ष राशि ध्रुव, भोथली बूथ अध्यक्ष पीलाराम साहू थे। इनके अलावा माखनलाल काशीव, शिवदयाल साहू, भीमसेन गजेंद्र, कृष्णकुमार साहू, घासिया राम साहू, हरकराम साहू, इंद्रमान ध्रुव, सुदर्शन चनाप, श्रीमती अनीता चानाप, चमनलाल निर्मलकर, श्रीमती चंपा बाई साहू, राधा बाई चनाप, उषा सोन, लक्ष्मी साहू, रोहिणी साहू, पूर्णिमा शांडिल्य, केसरी ध्रुव समेत अन्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

# चरमुड़िया स्कूल के शाला प्रवेशोत्सव में छात्रों का हुआ सम्मान

- सरपंच ने बच्चों को लक्ष्य तय कर पढ़ाई करने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद



शाउमावि चरमुड़िया में शाला प्रवेश उत्सव एवं योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत गुलाल एवं मिठाई खिलाकर किया गया। इस कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षा में 9वीं रैंक मेरिट में आए कक्षा 10वीं के छात्र समीर साहू को पूर्व प्राचार्य एचपी शर्मा नगद राशि एवं प्रथम-द्वितीय और तृतीय आए विद्यार्थियों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा दिया गया। साथ ही पूर्व छात्र रोमेश साहू का नीट में चयन होने परसम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भूपेन्द्र पटेल अध्यक्ष ने शिक्षा के महत्व एवं अच्छे अंक अर्जित करके अपने करियर को मजबूत करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि श्रीमती उर्वशी जितेंद्र बांधेकर ने बच्चों को पढ़लिख कर ऊंचे पद पर जाने के लिए प्रेरित किया। सरपंच श्रीमती नीतू तेजेन्द्र तोड़कर ने बच्चों को लक्ष्य तय कर पढ़ाई करने पर जोर दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा कक्षा 9वीं एवं 10वीं के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक का वितरण किया गया।

मौके पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य प्रेमलाल निर्मलकर, आशीष पटेल सांसद प्रतिनिधि, लोमस देवांगन, सुनील ध्रुव, शाला के प्राचार्य रामकृष्ण सिन्हा, जेके साहू, नीरज शुक्ला, निधि सोनी, सरिता चंद्राकर, ममता सोनटके, यशोदा साहू, सुनीता ठाकुर, आशा देवांगन, दिनेश दीवान, प्रभाकर सिंह, विद्या सोनी, लेखराम साहू समेत समस्त स्टॉफ, पालकगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पति की स्मृति में स्कूल में कराया न्योता भोज



**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला चिंवरी में 21 जून को स्व. हरिशंकर साहू शिक्षक की स्मृति में उनकी पत्नी प्रेमलता साहू एवं सहपरिवार द्वारा न्योता भोज कराया गया। खीर-पूड़ी, गुलाबजामुन, चावल, सब्जी का न्योता भोज पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले नजर आए। इस अवसर पर झुमुकलाल, मानकी बाई, मयंक, वेदांत, विरेंद्र, संजीव ध्रुव, रामनिहोरा साहू सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहे।

# सशिमं आमदी में योग दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमदी(धमतरी)

सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा योग किया गया।

मौके पर समिति के कोषाध्यक्ष रामचंद्र देवांगन, प्राचार्य जनकराम साहू, शिक्षक प्यारेलाल साहू, चन्द्रहास साहू, लोमेश्वर साहू, नंदूराम , भूमेश पटेल, प्रीतम साहू, तेश्वरी साहू, तारिणी साहू, लोमिका साहू, लक्ष्मी साहू, प्रेमा साहू, उर्मिला साहू, चमेली साहू, नर्मदा मटियारा उपस्थित थे।

# भाजपा शासन में राष्ट्र को मिल रही नई ऊंचाई : उमेश

- संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत रुद्री में लगी चौपाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत ग्राम रुद्री में चौपाल आयोजित हुई। कार्यक्रम प्रभारी अनीता यादव ने सभा का संचालन किया। सुशांत कानपिल्लेवार ने भी अपने विचार रखे।

जिला उपाध्यक्ष श्यामा साहू ने कहा कि मोदी सरकार में अनेक जनकल्याणकारी योजना आई जिसके माध्यम से गरीबों को फायदा हुआ। जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजना गरीबों के लिए बनाई गई है ।

मुख्य वक्ता गंगरेल मंडल के पूर्व अध्यक्ष उमेश साहू ने सभी को सबसे पहले विकसित भारत के लिए संकल्प दिलाया । संकल्प पत्र में लोगों ने हस्ताक्षर भी किया। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2014 से लेकर वर्ष 2025 तक इन 11 वर्षों में भाजपा सरकार ने अनेक क्षेत्र में काम किया। महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने का काम भाजपा सरकार ने स्वच्छता अभियान के रूप में किया। देश को समृद्ध बनाने के लिए मेक इन इंडिया लोकल फॉर वोकल जैसी योजना लाई गई। महिलाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ सेना में महिलाओं की भागीदारी , महिला समूह को अनेक योजनाओं से जोड़कर उनकी प्रगति करने का काम भाजपा सरकार द्वारा किया गया। धर्म और संस्कृति की रक्षा करते हुए देश के भीतर अनेक धार्मिक स्थान का जीर्णोद्धार किया गया।

कार्यक्रम में प्रीतम साहू, गोपाल साहू, आदित्य साहू समेत अनेक हितग्राही उपस्थित थे।

# यादव समाज ने की भिलाई विधायक देवेंद्र से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिला यादव समाज धमतरी के प्रतिनिधि मंडल ने रेस्ट हाउस में भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। समाजजनों ने विधायक को बताया कि सर्व यादव समाज सामाजिक भवन के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चुनाव पूर्व 25 लाख रुपए की घोषणा की थी। राशि आ गई थी। सरकार बदलते ही राशि निरस्त कर दी गई। निर्माण कार्य नहीं हुआ। मौके पर सत्यवान यादव, जिला अध्यक्ष जोहन सिंह यादव, रामेश्वर यादव नगर अध्यक्ष, नरेंद्र यादव नगर उपाध्यक्ष, नंदकिशोर यादव, जितेंद्र यादव, यशवंत यादव, चुनेश्वर यादव, श्रीमती सुरेखा यादव, गंगू यादव, मंजू यादव, सीता यादव, संजु यादव, मनोज यादव उपस्थित थे।

# नगर पंचायत भखारा भठेली के मुक्तिधाम का होगा उन्नयन

- विभिन्न कार्यों की स्वीकृति पर नगरवासियों ने विधायक का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी





प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और विधायक अजय चंद्राकर के अथक प्रयास से नपं भखारा भठेली के लिए कुल 99 लाख मुक्तिधाम तथा अन्य निर्माण कार्यों हेतु 23 लाख (कुल 1 करोड़ 22 लाख) की लागत से मुक्तिधाम उन्नयन सहित विभिन्न सीसी रोड, सीसी टॉप, नाली, पाइप लाइन संबंधी अध्यक्ष की मांग पर मंजूरी दी गई है, जिससे नगर का स्वरूप और जीवनशैली दोनों बदलने की दिशा में ठोस कदम है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने अजय चंद्राकर की अनुशंसा पर मुक्तिधाम के उन्नयन की बहुप्रतीक्षित मांग पर सकारात्मक पहल की। उल्लेखनीय है कि मुक्तिधाम उन्नयन बरसों से लोगों की मांग थी। वहीं बरसों से बंद पड़े आईटीआई पास के बोर को पुनः प्रारंभ कर वहां से गौठान मुक्तिधाम होते हुए पानी टंकी तक पाइप लाइन का कार्य भी स्वीकृत हुए।

विभिन्न वार्डों के सीसी रोड, टॉप, नाली आदि के लिए नगरवासियों सहित पार्षदों ने विधायक का आभार जताया है।

# नर्सिंग महाविद्यालय के छात्रों ने मनाया विश्व सिकलसेल दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रिलायंस इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग लिमतरा के छात्रों ने विश्व सिकलसेल दिवस मनाया। इस कार्यक्रम के महत्व को साझा करने के लिए छात्र- छात्राओं ने जिला अस्पताल में चार्ट्स, पोस्टर्स का इस्तेमाल करके सिकल सेल की व्याख्या की। विद्यार्थियों ने बताया कि विश्व सिकल सेल दिवस हर साल 19 जून को मनाया जाता है। विश्व सिकल सेल दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल रोग के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ानी है। यह पुरानी और पीड़ादायक बीमारी से जूझ रहे रोगियों और परिवारों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामने लाने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करता है ताकि जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंच सके।

## सेजेस सिंगपुर में अठारह गांव के पालकों ने नाच-गाकर मनाया स्कूल तिहार

# शाला प्रवेशोत्सव में नजर आई लघु भारत की झांकी

- प्राचार्य से लेकर शिक्षक तक की वेशभूषा अलग-अलग राज्यों की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी





स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राएं और शाला परिवार ही नहीं अपितु पूरा गांव एक महोत्सव के रंग में रंग गया। शाला प्रवेशोत्सव को प्रभावी और आकर्षक बनाने के लिए प्राचार्य डॉ व्हीपी चंद्रा के नेतृत्व एवं निर्देशन में विस्तृत कार्य योजना बनाई गई थी। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सिंगपुर में आने वाले 18 गावों में सघन डोर टू डोर हर पालकों से संपर्क किया गया। 18 गांव के हर घर में अपील सह निमंत्रण पत्र बांटे गए। हर ग्राम पंचायत में मुनादी कराई गई। अलग-अलग गांव के छात्र-छात्राओं को अलग- अलग वेशभूषा में आने और अलग अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की जिम्मेदारी दी गई। इसके लिए प्रभारी शिक्षको की नियुक्ति की गई थी। हर गांव की अलग वेशभूषा होने के कारण लघु भारत की झांकी देखने को मिली। विद्यालय के प्राचार्य से लेकर शिक्षक तक की वेशभूषा अलग अलग राज्यों की थी। ढोलक, ढोल, मांदर की थाप के साथ महिला एवं पुरुषों ने समान भागीदारी निभाई।

शिक्षा रैली पश्चात सामूहिक न्योजा भोज का आयोजन किया गया जिसमें लगभग दो हजार लोगों ने सामूहिक भोजन किया। सामूहिक भोज की व्यवस्था सिंगपुर सरपंच लोमेश्वर साहू, खड़मा सरपंच नन्दकुमार नेताम, मुड़केरा सरपंच त्रिवेणी सिन्हा तथा केकराखोली सरपंच ललित कवाची ने की थी। कार्यक्रम का आयोजन विरेन्द्र साहू जनपद अध्यक्ष मगरलोड के मुख्य आतिथ्य, धनंजय साहू की अध्यक्षता तथा गजेंद्र दीवान जनपद सदस्य, रामजी नेताम जनपद सदस्य, विष्णु निर्मलकर, लोमेश्वर साहू, नन्दकुमार नेताम, त्रिवेणी सिन्हा, रोहित मरकाम, राधेलाल सिन्हा, फनीसगंगा सागर, अयूब खान, रामायणलाल सिन्हा, प्रीतम साहू, केशव साहू, जगन्नाथ मंडावी, श्रीमती ज्योति तिवारी, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान एवं डाइट के प्राचार्य पीएस राय एवं व्याख्याता जोहन नेताम की उपस्थिति में हुआ।

इस अवसर पर नव प्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कराते हुए स्कूल ड्रेस तथा किताबें वितरित की गई। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में इस बात पर जोर दिया कि केवल सरकार के भरोसे बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल सकती। अच्छी शिक्षा की शुरुआत घर के माता पिता से होती है। मुख्य अतिथि विरेन्द्र साहू ने पालकों की उपस्थिति पर हर्ष व्यक्त किया।

## अंचल की खबरें

### करैहा में हुई चौपाल सभा



**नगरी।** करैहा में चौपाल सभा का आयोजन हुआ। ग्राम का भ्रमण कर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय मरकाम, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष वामन साहू , जिला पंचायत सदस्य अनीता ध्रुव, बूथ अध्यक्ष रोहित यादव, बूथ अध्यक्ष केशव साहू, उपसरपंच सखाराम गंजीर, छन्नूराम साहू, पुनाराम साहू, केशव साहू, शिवनाथ मरकाम, मनोहर नेताम, लच्छींदर कोर्राम, श्रीराम मरकाम, कामता प्रसाद कुंजाम उपस्थित थे।

### मुल्ले में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**जीजामगांव।** शास. प्रा. एवं माध्य. शाला ग्राम मुल्ले में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। अतिथि भाजपा ग्रामीण युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप साहू, ग्रामीण अध्यक्ष विजय राव, जयश्री संदीप डहरिया सरपंच, जनपद सदस्य गंगा टिकेश साहू, कोमल लहरे उपसरपंच, भागी राम, बोधन, देवकी सेन पंच थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दिलीप साहू ने कहा कि स्कूल की घंटी फिर से गूंजने लगी है। नई किताबों की खुशबू, नई कक्षा का उत्साह और नए सपनों के साथ फिर से एक नई शुरुआत हो रही है। आज का यह दिन हम सबके लिए विशेष है। उन्होंने बच्चों से कहा खूब मन लगाकर पढ़िये, जिज्ञासा के साथ प्रश्न पूछिए, उत्तर खोजिए और आगे बढ़िए। हमारी सरकार ने सुनिश्चित किया है कि अब कोई भी विद्यालय शिक्षक विहीन न रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नई शिक्षा नीति के संकल्पों के अनुरूप बदलाव कर पूरे प्रदेश के भविष्य को संवारने का प्रयास किया जा रहा है।

### जोरातराई में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**अंवरी।** ग्राम पंचायत जोरातराई की पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। ग्राम पटेल महेंद्र साहू, एसएमसी अध्यक्ष शैलेंद्र निर्मलकर, शिक्षाविद मानकलाल साहू, सदस्य दानेश्वरी यदु, यमुना साहू, कामिनी साहू, ममता देवांगन, सरपंच पूर्णिमा साहू एवं शिक्षकगणों की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर गणवेश वितरण कर धूमधाम से प्रवेश उत्सव मनाया। अपने संबोधन में ग्राम पटेल ने बच्चों को पढ़ाई के बारे में बताया। बच्चों को उच्च अधिकारी बनकर अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं गांव का नाम रोशन करने प्रेरित किया। मानकलाल साहू, शैलेंद्र निर्मलकर, रामस्वरूप साहू ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### माध्यमिक शाला व पीएमश्री आमदी में योग दिवस मना



**आमदी(धमतरी)।** करो योग रहो निरोग की थीम पर शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा व पीएमश्री आमदी में योग दिवस का आयोजन किया गया। प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय धमतरी के तत्वावधान में बीके ज्योति व खिलेश ने शारीरिक योग के साथ आध्यात्मिक योग के बारे में बच्चों एवं शिक्षकों को अवगत कराया। मौके पर बिंदु ध्रुव, सोमदत्त साहू, सविता छाटा, लक्ष्मी साहू, पूरणलाल कंवर, उमेंद्र ठाकुर , संतोषी साहू, रसोईया, सहायिका, पूर्व छात्र और नगर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। 48 लोगों ने योग का लाभ उठाया।


### माध्यमिक शाला आमदी में रोपे गए पौधे



**आमदी(धमतरी)।** शासकीय उन्नयन माध्यमिक शाला तुमाबैगापारा आमदी में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया गया। फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष ज्योति साहू ने कहा कि हमें अपने जीवन में एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए क्योंकि पेड़ों से ही दुनिया में हरियाली फैली हुई है। पेड़ों से ही हमें शुद्ध हवा, छाया और फल प्राप्त होता है। आज पेड़ों की अंधाधुंध कटाई होने के कारण इनकी संख्या कम होती जा रही है जिसके कारण पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। आज हम संकल्प करे कि जितना हो सके पेड़ लगाए और अपने पर्यावरण के साथ इस हरियाली को भी बचाए ताकि भविष्य में हरियाली हमेशा बनी रहे। इस मौके पर स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।

### कंवर व कोर्रा के नवीन स्कूल में मना प्रवेशोत्सव





**आमदी(धमतरी)।** सृजन इंग्लिश मीडियम स्कूल कंवर व ग्राम कोर्रा के नवीन स्कूल के शुभारंभ के साथ नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि सरपंच बालचन्द टंडन ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है। जहां बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार मिलता है। यहीं से बच्चों के उज्वल भविष्य का निर्माण होता है। ग्राम कोर्रा के नवीन स्कूल में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची सरपंच यमुना कामड़े ने कहा कि आज शिक्षा की धारा हर जगह बह रही है। बच्चों में शिक्षा से ही मानसिक और बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। मौके पर दुर्गेश साहू, प्रकाशमणि, ठाकुर राम साहू, झम्मन साहू, ओंकार साहू, यामिनी साहू, कृतेश्वरी साहू, चित्ररेखा साहू, दीपिका मरकाम, चुनीता, प्रियंका,लोमेश साहू के साथ पालकगण भी मौजूद रहे।

### मुनगा, टिंडा 100 तो करेला-मेथी 80 रूपए किलो में बिका

# चिल्हर बाजार में हरी सब्जियों के दाम में इजाफा

**इतवारी बाजार अपडेट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की आवक कम हो गई है। शार्टेज की समस्या की चलते बाजार में दाम बढ़ गए है। नई फसल का उत्पादन अभी बाजार में नहीं पहुंचा है। ग्रीष्मकालीन फसल अब आखिरी समय पर है, इसलिए सब्जियां बाजार तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंच पा रही हैं। किसान गणपत सोनकर का कहना है कि बारिश में बाड़ियों में बोनी प्रारंभ है। फसल आने में माहभर का समय है। पुराने पौधों की बची सब्जियां बाजार में पहुंच रही हैं, वह भी पर्याप्त नहीं है।

शहर के इतवारी बाजार में शाम पांच बजे ग्राहको की भीड़ नजर आई, लेकिन सब्जियों के दाम ने उन्हें निराश किया। मनपसंद सब्जियों के दाम 60 से 80 रुपए तक थे। कुछ सब्जियां 100 रुपए किलो तक पहुंच गई है। सब्जी विक्रेता सुदर्शन पटेल ने बताया कि रविवार को बाजार में सब्जियों की आवक कम रही, इसलिए रेट बढ़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि हरा धनिया 100-130 रुपए, मुनगा, टिंडा 100 रुपए किलो रहा। करेला, ग्वारफल्ली, गोभी, हरी मिर्च, ढेंस, शिमला मिर्च, खेखसा 80 रुपए किलो रहा। बरबट्टी, तोराई 50 रुपए किलो बिकी। गाजर, भिंडी, केला, कोचई 40 रुपए किलो रहा। भटा, कुंदरू, कुम्हड़ा, टमाटर, पत्तागोभी, डोड़का, मूली 30 रुपए किलो बिकी। लौकी 20 रुपए किलो रही।

**आलू-प्याज की कीमत यथावत**

रविवार को आलू-प्याज पुराने रेट पर स्थिर रहा। 20-25 रूपए किलो बिकने से ग्राहकों ने खूब खरीदी की। अन्य सामानों में शक्कर 45, गुड़ 55, हल्दी 150-200, मिर्च 200-300, धनिया 100-120, जीरा 280, काली मिर्च 700, लहसुन 100-120, रिफाइंड तेल 120-130 पाउच, सरसो 80, मेथी 75, मूंगदाल 100, उड़ददाल 100, मसूरदाल 85, चनादेशी 70, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 110, चनादाल 85, पोहा 70, मसूर खड़ा 80 रूपए किलो बिका। अंडा इस सप्ताह भी 75 रुपए दर्ज रहा।

## योग से भागती हैं बीमारियां : नीलकमल





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शाउमावि दर्रा, नवीन प्राथमिक शाला दर्रा, प्राथमिक शाला दर्रा एवं माध्यमिक शाला दर्रा के संयुक्त तत्वाधान में माध्यमिक शाला दर्रा परिसर में योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य नीलकमल साहू ने कहा कि योग का नियमित अभ्यास करते हुए हम अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। हमें अपनी दिनचर्या में योग को अनिवार्य रूप से शामिल करना चाहिए। तत्पश्चात योग प्रशिक्षक राजकुमार साहू, हेमलाल साहू एवं आयुष विभाग दर्रा के योग प्रशिक्षक पोखराज तारक ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों को योग का अभ्यास कराया। इस दौरान दर्रा विद्यालय के योग प्रतिभागी लता रात्रे, हिमांशी साहू, महक, रागनी, सुहाना, रोशनी सेन एवं पुष्पेंद्र रात्रे ने योग की अलग-अलग मुद्राओं का प्रदर्शन किया। मौके पर गिरवर साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति दर्रा, लुकेश सार्वा उपसरपंच दर्रा, थलेंद्र साहू, टीकाराम साहू, नागेश्वरी साहू, अंजलि राय समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य नीलकमल साहू, मनोज साहू प्रपा दर्रा, अर्जुनदास मानिकपुरी प्रपा नवीन प्राथमिक शाला दर्रा, साधना ध्रुव प्रधानपाठिका प्राथमिक शाला दर्रा एवं शिक्षकों का योगदान रहा।

### जोरातराई स्कूल में विश्व योग दिवस मना



**अंवरी।** ग्राम जोरातराई अं हायर सेकण्डरी स्कूल में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पूर्णिमा साहू सरपंच, रामस्वरूप साहू भाजपा जिलामंत्री, ईश्वर निषाद उपसरपंच, प्रकाश तारक अध्यक्ष, बंशीलाल साहू, मानसिंह साहू, देवनारायन साहू पंच, बालमुकुंद साहू पंच, राकेश पाल पंच, पयारेलाल तारक पंच, यशोदा साहू पंच, धानबाई साहू पंच, संतराम साहू उपस्थित थे।

### जीवन में भोजन की तरह योग आवश्यक



**धमतरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में माशा प्राशा जवरगांव में योग दिवस मनाया गया। योगाचार्य एमआर निषाद, यशवंत साहू ने कहा कि जीवन में निरोग रहने के योग आवश्यक है। भोजन की तरह योग भी महत्वपूर्ण है। गम्भीर बीमारियों से बचने के लिए योग जरूरी है।

### सशिमं के 350 छात्र-छात्राओं ने किया योग



**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. माध्य. विद्यालय आमातालाब में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस उमंग एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। प्राथमिक विभाग के योग प्रमुख आचार्य गोपालराम साहू एवं माध्यमिक विभाग के शारीरिक प्रमुख श्रीमती लाकेश पटेल ने योग, आसन, व्यायाम, प्रणायाम के महत्व को समझाते हुए छात्रों को उक्त गतिविधियां कराई। लगभग 350 छात्र-छात्राएं एवं 22 शिक्षकगण सहभागी बने। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रदीप यादव ने मानव जीवन में योग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उक्ताशय की जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

### योग शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम



**धमतरी।** सेजेस कंडेल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ भाग लिया। विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने योग प्रशिक्षक प्रणव यादव की देखरेख में विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान अभ्यास किया। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने अपने संबोधन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि यह आत्म-संयम, मानसिक शांति और समग्र विकास का मार्ग है। हमें इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ से हुआ।

## योग से शरीर रोगमुक्त और मन शांत रहता है





**धमतरी।** मेनोनाईट इंग्लिश सीसे स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग शिविर लगा। मधु योग संस्था की योगाचार्य सुश्री पवित्रा नाहर ने शिक्षकों और छात्रों को योग का महत्व बताया। उन्होंने सभी को नियमित योग करने का आग्रह किया। शाला की बाल वाटिका के छात्रों को भी योग टिप्स दिए। शाला की प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन करने की इच्छा जाहिर की।

**एसपी के निर्देश पर एएसपी की मौजूगी में मना योग दिवस**

# पुलिस कर्मियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा की उपस्थिति में पुलिस लाइन परिसर धमतरी में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्षित निरीक्षक, थाना प्रभारी, उप निरीक्षकगण, प्रधान आरक्षक, आरक्षक सहित पुलिस बल के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया। इस योगाभ्यास सत्र में ताड़ासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, ध्यान योग जैसे अभ्यास शामिल किए गए। योगाभ्यास के दौरान पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा और अनुशासन का वातावरण दिखाई दिया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा ने अपने उद्बोधन में कहा योग हमारे जीवन में मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति और शारीरिक स्फूर्ति प्रदान करता है। यह न केवल हमारी कार्यक्षमता को बढ़ाता है बल्कि तनाव प्रबंधन में भी अत्यंत सहायक है। पुलिस बल के लिए योग एक जरूरी अभ्यास है जिसे हम सभी को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

आगे कहा कि पुलिस विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी अत्यधिक मानसिक और शारीरिक दबाव में कार्य करते हैं, ऐसे में योग उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार हरदिहा साहू समाज के भवन में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में आयोजित जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होने के कारण उन्होंने वहीं से संदेश प्रेषित कर पुलिसकर्मियों को विश्व योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमारी भारतीय परंपरा का अभिन्न अंग है, जिसे अपनाकर हम स्वस्थ शरीर और मजबूत मन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन और भी बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों ने योग को अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन शांतिपाठ एवं सामूहिक संकल्प के साथ हुआ। यह आयोजन सामूहिक स्वास्थ्य, मानसिक सुदृढ़ता और आत्मिक संतुलन की दिशा में एक प्रेरणास्पद पहल के रूप में समाज में एक सकारात्मक संदेश देने वाला साबित हुआ।

इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा, उपपुलिस अधीक्षक भावेश साव, श्रीमती रागिनी मिश्रा, सुश्री मोनिका मरावी, रक्षित निरी दीपक शर्मा, थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक लेखराम ठाकुर, निरीक्षक (एम) अखिलेश शुक्ला, लक्ष्मी ध्रुव, उनि उमाकांत तिवारी, बीआर सिन्हा सहित जिले के अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शांति का माध्यम





डीपीएस स्कूल में योग

**धमतरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा, प्रशासक शैलेश बाजपेयी, समन्वयक सतप्रीत सिंह धंजाल एवं रोहित कुमार, शारीरिक शिक्षण प्रशिक्षक रेणुका साहू, रोहित महतो एवं मोनिका गंगवीर की मौजूदगी में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुमार और अंजलि मिश्रा ने किया। अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में उन्होंने दैनिक जीवन, विशेषकर विद्यार्थियों के जीवन में योग की महत्ता पर प्रकाश डाला। विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती निकिताचरण ने छात्रों को नियमित रूप से योगाभ्यास करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, अपितु मानसिक संतुलन एवं आत्मिक शांति का भी माध्यम है। मुख्य योग सत्र का संचालन शारीरिक शिक्षिका सुश्री मोनिका गंगवीर ने किया गया, जिनका सहयोग सुश्री रेणुका साहू एवं श्री रोहित महतो ने किया। इस आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण एवं छात्रगण सहित कुल 849 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

### रुद्री के खेल परिसर में 500 लोगों ने किया योगाभ्यास



**धमतरी।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थानीय संघ धमतरी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत रुद्री के खेल परिसर में लगभग 500 लोगों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड बच्चे, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी एवं शिक्षकगणों, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम में संतोष दीवान भारत स्काउट-गाइड स्थानीय संघ उपाध्यक्ष, मुकेश यादव शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, सुशांतराव कानपिल्लेवार, जागेंद्र साहू, श्रीमती मोनिका देवांगन, श्रीमती अनीता यादव, श्रीमती श्यामा साहू, प्राचार्य श्रीमती दीप्ति ध्रुव, वरिष्ठ व्याख्याता एमएल साहू, एनसी सोनवानी, श्रीमती प्रीति साहू, श्रीमती जस्सी राबिन, लुकेश कुमार साहू, भूपेंद्र मणिकपुरी, स्काउटर मोहित राम बनपेला, भूपेंद्र सोनी, सोहनलाल साहू, श्रीमती योगिता कंवर, श्रीमती रजनीगंधा जगताप उपस्थित रहे। योगाभ्यास में स्वयंसेवक नवीन मेश्राम एवं उदगीत में सोहनलाल साहू ने सहयोग प्रदान किया।

### जिला जेल के 253 बंदियों ने लिया योग का लाभ



**धमतरी।** प्रभारी जेल अधीक्षक श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी के निर्देशानुसार अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला जेल धमतरी में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। आयुष पाली क्लिनिक की डॉ. रेवती नेताम योग चिकित्सक एवं योग सहायिका कुमारी सृष्टि मगर ने जेल में परिरूद्ध 253 बंदियों को योग कराकर योग से होने वाले स्वास्थ्य लाभ एवं मानसिक तनाव व अवसाद से मुक्त रहने के उपाय बताए। जेल में परिरूद्ध 253 बंदियों ने सुबह छह बजे से सात बजे तक योगाभ्यास किया। योगासन में श्रीमती नेहा उसेंडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बंदियों के साथ योगासन किया। बंदियों का उत्साहवर्धन करते हुए सहायक जेल अधीक्षक एनके डहरिया ने भी योगाभ्यास किया। मौके पर दानीलाल साहू शिक्षक, लीलाराम साहू फार्मासिस्ट, दिनेश गजेन्द्र मुख्य प्रहरी, निरंजन रात्रे प्रहरी, सत्यनारायण साहू प्रहरी, उमेश पुरेना समेत अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### उड़ेना में योग दिवस पर किया पौधारोपण



**पुरी।** ग्राम पंचायत उड़ेना में योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। मौके पर सरपंच तेजराम निर्मलकर, उपसरपंच जगमोहन दास, पंचगण टिकेंद्र शालिकराम, पीतांबर निर्मलकर, यशवंत साहू, लोकेश साहू समेत अनेक ग्रामीण शामिल थे।

### योग मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है



**धमतरी।** मां दन्तेश्वरी हाईस्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी मीडियम स्कूल रत्नाबांधा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। प्राचार्य लक्ष्मी रावटे ने बताया कि यह दिन वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घ जीवन प्रदान करता है। विद्यार्थी को जीवनकाल में योग का महत्व बताया गया। इस अवसर पर शिक्षक लीला साहू, मोहन साहू, वीणा साहू, वर्षा देवांगन, पूर्वी सोनकर, रूपा यादव, ज्योति रामटके, प्रियंका यादव, दुर्गा देवांगन, फल्गुनी ढीमर, छाया तिवारी, श्वेता जाधव, भूखिन ध्रुव समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### वंदेमातरम स्कूल में छात्रों को मिलेगी योग की शिक्षा



**धमतरी।** वंदेमातरम स्कूल में योग दिवस मनाया गया। स्कूल के संचालक सुबोध राठी ने बताया कि वंदेमातरम स्कूल प्रबंधन द्वारा योग शिक्षा ऑनलाइन व ऑफलाइन क्लासेस के माध्यम से अनिवार्य कर दी गई है। हम विद्यार्थियों के शैक्षणिक, मानसिक, शारीरिक एवं व्यवहारिक ज्ञान के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। योग शिक्षा के क्रियान्वयन के लिए वंदेमातरम विद्यालय द्वारा वर्षभर प्रतिदिन प्रातः 6 से 6.30 बजे तक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन योग की कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है। योग दिवस पर विद्यालय के सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ योग किया।

### भोथीपार में योग दिवस मनाया गया



**कोर्रा-भखारा।** एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य की थीम को लेकर शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भोथीपार परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने विभिन्न रोगों से मुक्त रहने के लिए योग किया। सुरेंद्र साहू के निर्देशन में योग ध्यान एवं प्राणायाम करवाया गया। मौके पर रामबगस गंगबेर, हिरेन्द सोनबेर, सतीशचंद्र साहू, टीकाराम सिन्हा, सनातन साहू, भेमलाल साहू, प्रमिला साहू, नर्मदा साहू, हीराबाई पटेल, खोमिन यादव के अलावा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। श्री गंगबेर ने न्योता भोज में दाल चावल के अतिरिक्त बिस्किट की व्यवस्था की थी। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखते ही बना।

### योग दिवस पर हुई चित्रकारी, निबंध लेखन प्रतियोगिता



**धमतरी।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विवि सांकरा पाटन दुर्ग छग अन्तर्गत उद्यानिकी महावद्यिालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद, धमतरी में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम था। प्रथम दिवस नारा लेखन, चित्रकारी एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। द्वितीय काल योग कार्यक्रम हुआ, जिसमें सूर्य नमस्कार एवं अन्य योगासान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हेमंत टोप्पो अधिष्ठाता उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कुरूद धमतरी ने की। मौके पर सह प्राध्यापकगण डॉ. सरिता पैकरा, कल्पना कुंजाम, रीतिका समस्थ, अतिथि शिक्षक डॉ. राजकमल पटेल, इंजीनियर जसपालसिंह मनहरे, डॉ. अमिना अनीशा एक्का समेत अनेक कर्मचारी उपस्थित थे।

### योग से मन को शांति मिलती है



**धमतरी।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम दर्री (खरेंगा) के प्राथमिक शाला प्रांगण में स्कूली बच्चों के साथ ग्रामीणों ने योग में उत्साह पूर्वक भाग लिया। योग से मन को शांति मिलती है। वेलनेस कोच तीजिया कुंभकार ने योगभ्यास कराया। इस अवसर पर हिमांशु शेखर सरपंच, उपसरपंच निरंजन साहू, दयाराम साहू, भोला चक्रधारी, शेखन साहू, कांशीराम साहू, प्रभु साहू, ललित शुक्ला, मंजु गायकवाड़, प्रेमिन मानिकपुरी, भारत, परमेश्वरी समेत स्कूल के प्रधानपाठक व सभी शिक्षकगण उपस्थित थे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)


प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण (शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
रायपुर रोड, ग्राम - लिमतरा, धमतरी
जिला - धमतरी (छ.ग.)
9300696600, 9300407100

## खबर संक्षेप



### दो माह से हुआ है गड्ढा काम में नहीं आ रही गति

**कांकेर।** मस्जिद चौक में दुकानों के सामने दो माह से गड्ढा करके काम किया जा रहा है। काम की गति बहुत धीरे होने के कारण आसपास के लोग भी परेशान बने हुए है। कुछ लोगों का कहना है कि यहाँ पर हाई मास्क लाईट लगने वाली है, परंतु काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। हाई मास्क लगाने वाले विभाग के सब इंजीनियर और संबंधित विभाग के अधिकारी की लापरवाही के कारण ही कार्य में लेट लतीफी हो रही है। कार्य किस विभाग के द्वारा करवाया जा रहा है, वहाँ पर किसी भी तरह का कोई सूचना बोर्ड भी नहीं लगा है। दुकानदारों का कहना है कि संबंधित विभाग को जल्द से जल्द कार्य करवाना चाहिए।

### जहर खाकर युवक ने दी जान, कारण अज्ञात

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत 22 वर्षीय संदीप राना ने जहर का सेवन कर लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से मौत हो गया। पखांजुर निवासी अमृत राना ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अज्ञात कारणों के चलते जहर खा लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### महिला को दी जान से मारने की धमकी मामला दर्ज

**कांकेर।** साल्हेटोला में महिला के साथ गांव के ही अन्य व्यक्ति ने मारपीट किया। महिला का आरोप है कि आरोपी उस पर बुरी नजर रखता है। कई बार विवाद कर चुका है, आगे उनके परिवार के लोगो के लिए खतरा बना हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चारामा थाना में शिकायत करने पहुंची ग्राम साल्हेटोला निवासी सालिनी शोरी पति भूनेश्वर शोरी ने पुलिस को बताया कि मैने लकड़ी और बांस को लाकर सरकारी जगह पर अस्थायी रूप से रखी थी। इसी बात को लेकर आरोपी साल्हेटोला निवासी महावीर कोमरे पिता स्व. देवलाल कोमरे ने 20 जून को गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा। दारू के नशे में आरोपी होने के कारण हम लोग कुछ भी नहीं बोल रहे थे, उसके बाद भी हम लोगों को अपशब्द गाली गलौच देते हुए जान से मार दूंगा कहकर घर में घुस गया था।

## जगन्नाथ प्रभु रथयात्रा महोत्सव प्रारंभ : 25 जून तक होगा काढ़ा का वितरण

# काढ़ा लेने के लिए जगन्नाथ मंदिर में लगता है सुबह से भक्तों का तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वाह करते हुए भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा, भाई बलभद्र के बीमार होने के पश्चात औषधि के रूप में प्रयुक्त होने वाले काढ़ा का वितरण भक्तों एवं श्रद्धालुओं के लिए रविवार की सुबह 7:30 बजे प्रारंभ किया गया। काढ़ा लेने श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इससे पूर्व आस्था व श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना करते हुए जयघोष तथा शांति पाठ के साथ मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को उनके ही पात्र में व्यवस्थित रूप से प्राचीन जड़ी बूटियों तथा अन्य औषधि सामग्रियों से ब्रह्म मुहूर्त में विशेष पद्धति से तैयार काढ़ा का वितरण किया गया। जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण गांधी ने बताया कि प्रतिदिन काढ़ा औषधि का वितरण सुबह 7:30 से मंदिर परिसर में किया जा रहा है। इसके लिए लोग अपने घर से स्वयं का पात्र लेकर आएं।





काढ़ा वितरण के अवसर पर पुजारी बालकृष्ण शर्मा, जगदीश मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष किरण कुमार गांधी, उपाध्यक्ष सत्यनारायण राठी, सचिव प्रकाश गांधी, सह सचिव मोहन अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लखमशी भानुशाली, ट्रस्टीगण श्यामसुंदर अग्रवाल, डॉ. हीरा महावर, श्याम अग्रवाल, हर्षद मेहता, गोपाल शर्मा, लक्ष्मीचंद बाहेती, अजय अग्रवाल सीए, बिपिन पटेल, मदनमोहन खंडेलवाल, बिहारीलाल अग्रवाल, दयाराम अग्रवाल, रमेश लाट, भरत सोनी, अनिल मित्तल, विशेष आमंत्रित सदस्य विनोद अग्रवाल, रविकान्त अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दिलीप सोनी,महेन्द्र पंडित, कीर्ति शाह, गोवर्धन सोनी, महेंद्र राजपुरिया, राजेंद्र शर्मा, कुलेश सोनी पार्षद, पिंटू यादव, संजय अग्रवाल, प्राजेंद्र लुंकड़, सूरज शर्मा, रवि शर्मा, अंसुल महावर, प्रजय महावर, सुनील सोनी, अनंत शाह, राम शर्मा, आकाश जसूजा, गोलू ठाकुर, सुल्ली गुप्ता, प्रतापराव कृदत, सूर्यप्रकाश अग्रवाल, राकेश चंदवानी, दिनेश अंबानी, गौरव शर्मा उपस्थित थे।

## मगरलोड में गांजा एवं नशीले पदार्थों की बिक्री से माहौल हुआ खराब



- अध्यक्ष, पार्षद एवं नागरिकों ने कार्रवाई की मांग को लेकर आरक्षी केंद्र में ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

नगर पंचायत मगरलोड भैसमुंडी के अध्यक्ष, पार्षद एवं नागरिकों ने गांजा एवं नशीले पदार्थ की रोकथाम एवं शाम को गुंडागर्दी करने वालों पर उचित कार्रवाई करने मांग को लेकर आरक्षी केंद्र मगरलोड में ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया कि नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुण्डी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 09 के नहर किनारे एवं वार्ड क्रमांक 10 के मथुरा नगर क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा एवं नशीले पदार्थों का सेवन चौक-चौराहों पर धड़ल्ले से हो रहा है। नाबालिग, युवा तथा स्कूली बच्चे नशीले पदार्थ की गिरफ्त में लगातार आ रहे हैं। घरेलू कलह के साथ-साथ वार्ड के कुछ हिस्सों में अराजकता का वातावरण निर्मित हो गया है। नशे में धुत होकर वे गणमान्य नागरिकों के साथ जबरदस्ती उलझ रहे हैं। अश्लील गाली-गलौज कर रहे हैं जिससे महिलाएं शर्मसार हो रही हैं। नपं मगरलोड भैसमुंडी अध्यक्ष लीलेश साहू, सुरेश साहू, पार्षद यादराम गायकवाड़, पार्षद तीजेश्वरी लोम साहू, पार्षद चेतन बिंझेकर समेत नगरवासी नरेंद्र सतनामी, थकेश्वरी, सीताबाई, खुमेश, कामिनी, कुंती, पद्मनी, खमेश्वरी, जामुन, देवकी, आशा, नंदनी ने अवैध गांजा एवं नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों तथा गुंडागर्दी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

## तीन दिन से लापता बुजुर्ग को पुलिस ने ढूंढ निकाला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

रिटायर वेटनरी डॉक्टर रामगोपाल प्रसाद शर्मा उम्र 85 साल स्कूटी (ज्यूपिटर) लेकर रामबाग बैला बाजार के सामने स्थित अपने घर से निकले थे। तीन दिन तक वे घर नहीं लौटे। इससे परिजनों की चिंता बढ़ गई थी। उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया। तलाश के लिए अभियान प्रारंभ किया गया। शहर के प्रमुख मार्गों, सीसीटीवी फुटेज व आम नागरिकों की मदद से जानकारी जुटाई गई।

पुलिस ने सतर्कता और सूझबूझ दिखाते हुए लापता बुजुर्ग श्री शर्मा को सकुशल खोज निकाला। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने आमजनों से अपील की है कि यदि अपने आसपास किसी बुजुर्ग या मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति को अकेले भटकते हुए देखे तो तुरंत नजदीकी थाना या डायल 112 या 100 नंबर पर सूचना दें।

## ग्रामीणों को दिलाई गई नशामुक्ति की शपथ

**धमतरी।** नशामुक्त भारत पखवाड़ा अंतर्गत जिले के सभी थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर थाना क्षेत्र में लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देना, युवाओं को नशे से दूर रखना तथा समाज को नशामुक्त बनाने प्रेरित करना है। पखवाड़ा के तहत सिटी कोतवाली द्वारा रत्नाबांधा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत रत्नाबांधा में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में विशेष नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसी तरह सिहावा थाना द्वारा बांसपानी, भुरसीडोंगरी में भी नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## बिना कारण से पंचायत भृत्य को हटाया, संघ में रोष



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ ब्लाक धमतरी की बैठक रत्नाबांधा ग्राम पंचायत भवन में हुई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष सोमनाथ तारक एवं जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत ढीमरटिकुर नवागांव के शिलनिधि साहू पंचायत भृत्य को बिना कारण से नवनिर्वाचित सरपंच द्वारा हटाया गया है।

इस संबंध में 24 जून को एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरनाप्रदर्शन ग्राम पंचायत ढीमरटिकुर में ग्राम पंचायत भृत्य कल्याण संघ द्वारा प्रस्तावित किया गया था। जनपद पंचायत धमतरी के अधिकारियों द्वारा जांच पूर्ण होने तक धरना प्रदर्शन को स्थागित किया गया है। उचित निर्णय नहीं होने की स्थिति में संघ द्वारा प्रदेशस्तरीय धरना प्रदर्शन ढीमरटिकुर नवागांव में किया जायेगा। बैठक में जिला मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू, धमतरी ब्लाक सचिव पीताम्बर निर्मलकर, कुरूद ब्लाक अध्यक्ष हरिराम ध्रुव, नगरी ब्लाक अध्यक्ष रुपेश पटेल, मगरलोड सचिव मोहन सिन्हा, केशकुमार धोबी, नरसिंह यादव, रुपचंद यादव, अनिरुद्ध, मुरली साहू, राकेश, टिकेश्वर ध्रुव, सीलनिधि साहू, श्रीमती मुनेश्वरी ध्रुव उपस्थित थे।

## मराठा समाज के पुनः अध्यक्ष बने दीपक लोंढे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

21 जून को जिला मराठा समाज के 2 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर आमसभा रखी गई। बीते 2 साल के आय-व्यय की पूर्ण जानकारी समाज के कोषाध्यक्ष महेंद्र गायकवाड़ द्वारा दी गई। तत्पश्चात समाज की नई कार्यकारिणी गठन हेतु गणेश राव पवार को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सर्वप्रथम अध्यक्ष पद हेतु नाम आमंत्रित किया गया जिसमें श्रीमती ममता पवार ने ऋतुराज पवार को अध्यक्ष पद हेतु नामित किया जिसका श्रीमती किरण होल्कर ने समर्थन किया परंतु ऋतुराज पवार ने समय भाव की वजह से अपना नाम वापस लेते हुए पुनः दीपक लोंढे का नाम अध्यक्ष पद हेतु प्रस्तावित किया। आमसभा में उपस्थित सम्मानितजनों ने उन्हें अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया।

बैठक में वरिष्ठजनों ने समाज में कुरीतियों एवं आगे समाज को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर अपने विचार विस्तार से रखे। नवनियुक्त अध्यक्ष दीपक लोंढे ने आश्वासन दिया कि आपके द्वारा दिए गए विचार एवं निर्देशों को हम पूर्ण करने का सफल प्रयास करेंगे। अनिल सालुंके, शिरोमणि राव घोरपड़े, विनोदराव रणसिंह, गोपालराव रणसिंह, श्रीमती कविता बाबर, श्रीमती नम्रता माला पावर, सतीश पवार एवं अन्य वरिष्ठजनों ने समाज की उत्तरोत्तर प्रगति पर विचार रखे।

## केंद्रीय मंत्री से मिले अजजा शासकीय सेवक संघ के पदाधिकारी

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ ने स्वामी विवेकानंद अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट माना रायपुर में भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान से मुलाकात की। ज्ञात हो भविष्य में श्री प्रधान के नेतृत्व में पूरे देशभर के आदिवासी वर्ग की विभिन्न समस्याओं को लेकर राष्ट्रपति से दिल्ली में मिलने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, सचिव एसपी ध्रुव, डूमन लाल ध्रुव, डीडी मांझी, हुलार सिंह कोर्राम उपस्थित थे।



## बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तकें व यूनिफॉर्म बांटी

**जीजामगांव।** शासकीय माध्यमिक शाला मड़ेली में शाला प्रवेश उत्सव मनाया। सरपंच बीना साहू ने बच्चों को मिठाई खिलाकर पुस्तक एवं यूनिफॉर्म का वितरण किया। नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। शाला के सभी बच्चों के लिए खीर पूड़ी की व्यवस्था की गई थी। शाला विकास समिति के सदस्य मकसूदन साहू, शैलेंद्र साहू, तुलस निषाद, बंशीलाल देवांगन, शेखर साहू, चैतराम देवांगन एवं पंचों ने बच्चों का स्वागत किया।

# योग करने से मन को शांति मिलती है

- खेलो इंडिया लघु केंद्र में योग शिविर का आयोजन



**धमतरी।** इंडोर स्टेडियम के खेलो इंडिया लघु केंद्र में एक दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। कुश्ती कोच विकास सिंह ठाकुर और लीना यादव, योग प्रशिक्षक रुचि साहू ने खिलाड़ियों को योग का महत्व बताते हुए योग का प्रदर्शन किया। शहर के इंडोर स्टेडियम स्थित खेलो इंडिया लघु केंद्र में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया गया। पहले खिलाड़ियों को कुश्ती का अभ्यास कराया गया। इसके बाद खिलाड़ियों को जीवन में योग महत्व बताया गया। विभिन्न योगासनों का प्रदर्शन कर खिलाड़ियों को योग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कुश्ती के एनआईएस कोच विकास सिंह ठाकुर ने कहा कि योग से शरीर फिट और तंदुरुस्त रहता है। कुश्ती कोच लीना यादव ने कहा कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग जरूरी है। रोज कम से कम आधे घंटे योग जरूर करें। योग प्रशिक्षक रुचि साहू ने कहा कि योग करने से मन को शांति मिलती है। समाजसेवी एवं खिलाड़ी ओपी शर्मा ने सभी खिलाड़ियों को नारियल पानी पिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया। मौके पर जितेंद्र साहू, गगन कुंभकार लक्ष्मण साहू, टिक्की निर्मलकर, काजल साहू, डाली, भूपत साहू, कुलदीप कुमार ध्रुव, सुदामा साहू, ईश्वर पटेल, पारस कुंभकार उपस्थित थे।

## पंचगव्य से रोग समाधान पर व्याख्यानमाला आज

**धमतरी।** मां अंगारमोती गोधाम ग्राम तुमाबुजुर्ग धमतरी द्वारा आज पंचगव्य से रोग समाधान पर व्याख्यानमाला आयोजित की गई है। वर्तमान में आधुनिक जीवनशैली के चलते मनुष्य विभिन्न रोगों से ग्रसित है। शुगर, बीपी, थायरॉइड, गैस, एसीडिटी, घुटने, कमर का दर्द हर घर की सामान्य समस्या बन गई है। किडनी, कैंसर, हार्टअटैक जैसी घातक बीमारी भी अब आम होती जा रही है। संपूर्ण समाज ऐसी हजारों बीमारियों से जूझ रहा है। गौमाता ही मनुष्य के समस्त रोगों का उपचार है। उससे प्राप्त पंचगव्य से समस्त रोगों का प्रभावी उपचार संभव है। इसी विषय पर मार्गदर्शन देने एवं विभिन्न असाध्य बीमारियों का सहज, सरल उपचार बताने व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है। मुख्य वक्ता शंकरलाल अखिल भारतीय मार्गदर्शन गौ सेवा गतिविधि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ होंगे। यह कार्यक्रम 23 जून सोमवार को शाम 5 बजे से 7 बजे तक वन्देमातरम इंग्लिश मीडियम स्कूल गणेश चौक धमतरी में रखा गया है। इस अवसर पर पेट के विभिन्न रोग जैसे गैस, एसीडिटी, अपच, कांस्टिपेशन आदि से ग्रसित रोगियों को इसकी प्रभावी औषधि तक्रासव का निःशुल्क वितरण भी किया जाएगा। आयोजन में दीपक लखोटिया अध्यक्ष, नरेंद्र जायसवाल सचिव, सुबोध राठी कोषाध्यक्ष जुटे हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Cellage Tour

25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, मां मनोकामना देवी, काठमांडू दरबार), पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशिः-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

हाथ पैर में दर्द होना, जोड़ो में दर्द व सूजन, गठिया वात, साइटिका, झिनझिनी वात, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, अकड़न, नसरोग व लकवा रोग में
तुरंत आराम के लिए

| दवा का नाम | कीमत |
|---|---|
| 1. टेब. रुमारेक्स जी.एस.आर. | 30 टेब. का 700/- रु. |
| 2. टेब. कैल्सिओस्ट | 30 टेब. का 150/- रु. |
| 3. ऑइल स्नायुकल्प | 100 मिली का 250/- रु. |
| 4. चूर्ण नेचुरली | 100 ग्राम का 150/- रु. |
| | टोटल - 1220/- रु. |
| 5. अन्य : आर-फीट गोल्ड माल्ट | कीमत - 550/-रु. |

- दवाई मिलने का स्थान -
तुलसी आयुर्वेदिक दवा की दुकान
बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी
(सुबह 10 से 5 बजे तक) मो. 9993010732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

रायपुर के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर से मिलिए
24 जून मंगलवार गायत्री मंदिर, कुरूद, समय : 10.00 से 3.00 बजे तक



लकवा (स्ट्रोक), सायटिका, नशों में दर्द (न्यूरोपैथी)
गठियावात (अर्थराइटिस)
असहनीय दर्द से छुटकारा, हर कदम चले बिना दर्द के
जोड़ो में दर्द, अकड़न, झुनझुनी, जलन एवं शून्यपन
घूटना दर्द, कुल्हे का दर्द (AVN)
घूटने एवं पैरों में सूजन
ज्यादा चलने एवं बैठकर उठने में दर्द
कट-कट की आवाज
लिक्विड कम होना, हड्डी में गैप होना।
स्लिप डिस्क, रीढ़ की हड्डी में दर्द, सयाटिका
एड़ी दर्द, कंधा दर्द, युरिक एसिड का बढ़ना
L-4, L-5 नशो में दबाव के कारण अकड़न



12000 से अधिक मरीजों का सफल इलाज 15 वर्ष का अनुभव
Dr Lal PathLabs से खून जांच पर 60% की छूट
मिरैकल्स होम्योपैथी
प्रो. डॉ. ए.के. चौरसिया एम.डी., (होम्योपैथी मेडिसिन)
डॉ. एस. चौरसिया एम.एस., (पाईल्स रोग विशेषज्ञ)
8982316464, 9406004581